SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

वित्त लेखे (खण्ड-I)
2024-25

उत्तराखण्ड शासन

उत्तराखण्ड सरकार

वित्त लेखे (खण्ड-I)

वर्ष 2024-25

उत्तराखण्ड सरकार

विषय सूची		
	विषय	**पृष्ठ संख्या**
	खण्ड I	
.	भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट	iv-v
.	वित्त लेखे की मार्गदर्शिका	vii-xiii
1.	वित्तीय स्थिति का विवरण	2-3
2.	प्राप्तियों एवं भुगतानों का विवरण	4-6
	• विवरण संख्या 2 का अनुलग्नक (रोकड़ शेष एवं रोकड़ शेष का निवेश)	7-8
3.	प्राप्तियों का विवरण (समेकित निधि)	9-11
4.	व्यय का विवरण (समेकित निधि)	
	अ. क्रियाकलापवार व्यय	12-15
	ब. प्रकृतिवार व्यय	16-17
5.	प्रगामी पूँजीगत व्यय का विवरण	18-22
6.	उधार एवं अन्य देयताओं का विवरण	23-27
7.	सरकार द्वारा दिये गए ऋणों एवं अग्रिमों का विवरण	28-30
8.	सरकार के निवेशों का विवरण	31
9.	सरकार द्वारा दी गई प्रत्याभूतियों का विवरण	32
10.	सरकार द्वारा दिये गए सहायता अनुदानों का विवरण	33-34
11.	दत्तमत एवं भारित व्यय का विवरण	35-36
12.	राजस्व खाते से भिन्न व्यय हेतु निधियों के स्रोतों व उनके उपयोग का विवरण	37-40
13	शेषों का सार (समेकित निधि, आकस्मिकता निधि और लोक लेखा)	41-44
.	वर्ष 2024-25 हेतु वित्त लेखों पर टिप्पणियाँ	45-69

विषय सूची		
	विषय	**पृष्ठ संख्या**
	खण्ड II	
	भाग I-ब्यौरेवार विवरण	
14.	लघु शीर्षवार राजस्व एवं पूँजीगत प्राप्तियों का ब्यौरेवार विवरण	72-122
15.	लघु शीर्षवार राजस्व व्यय का ब्यौरेवार विवरण	123-186
16.	लघु शीर्षवार एवं उपशीर्षवार पूँजीगत व्यय का ब्यौरेवार विवरण	187-319
17.	उधार एवं अन्य देयताओं का ब्यौरेवार विवरण	320-339
18.	सरकार द्वारा दिये गये ऋणों एवं अग्रिमों का ब्यौरेवार विवरण	340-350
19.	सरकार के निवेशों का ब्यौरेवार विवरण	351-352
20.	सरकार द्वारा दी गई प्रत्याभूतियों का ब्यौरेवार विवरण	353-356
21.	आकस्मिकता निधि और अन्य लोक लेखा संव्यवहारों का ब्यौरेवार विवरण	357-380
22.	उद्दिष्ट निधियों के निवेश का ब्यौरेवार विवरण	381-384
	भाग II : परिशिष्ट	
I	वेतन पर तुलनात्मक व्यय	386-398
II	उपादान पर तुलनात्मक व्यय	399-414
III	राज्य सरकार द्वारा दिया गया सहायक अनुदान/ सहायता (संस्थावार एवं योजनावार)	415-443
IV	बाह्य सहायतित परियोजनाओं का ब्यौरेवार विवरण	444-447
V	योजनाओं पर व्यय (क. केन्द्रीय योजनाएँ, ख. राज्य योजनाएँ)	448-490
VI	राज्य में कार्यान्वित संस्थाओं को केन्द्रीय योजना निधि का प्रत्यक्ष हस्तांतरण (बिना जाँचा हुआ आँकड़ा)	491-503
VII	शेषों की स्वीकृति तथा मिलान (जैसा कि विवरण संख्या 18 तथा 21 में दर्शाया गया है)	504-508
VIII	सिंचाई कार्यों के वित्तीय परिणाम	509
IX	31 मार्च 2025 को अपूर्ण लोक निर्माण कार्यों के अनुबंधों की प्रतिबद्धता का विवरण	510-526
X	वर्ष 2024-25 के दौरान राज्य के अनुरक्षण व्यय का विवरण (31 मार्च 2025 को)	527-539
XI	वर्ष के दौरान सरकार की मुख्य नीति निर्धारक अथवा बजट में प्रस्तावित नई योजनाएँ	540-542
XII	सरकार की वचनबद्ध देयताएँ	543-544
XIII	ऐसे मदों का विवरण, जिनके शेषों का आवंटन राज्यों के पुनर्गठन के कारण अंतिम रूप से नहीं किया जा सका	545

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट

उत्तराखण्ड सरकार के वित्त लेखाओं की लेखापरीक्षा

अभिमत

31 मार्च 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए उत्तराखण्ड सरकार की वर्ष की प्राप्तियों और संवितरणों के वित्त लेखों जिनमें संचित निधि, आकस्मिकता निधि और लोक लेखा से / में लेन-देन वाले संव्यवहार सम्मिलित हैं, के साथ वित्तीय स्थिति प्रस्तुत करते हैं। वित्त लेखाओं के संकलन में दो खंड शामिल हैं; खंड- I में वित्त की स्थिति की समेकित स्थिति और 'वित्त लेखाओं पर व्याख्यात्मक टिप्पणियां' शामिल हैं, जिसमें महत्वपूर्ण लेखा नीतियों का सारांश शामिल है और खंड - II लेखाओं को विस्तार से दर्शाता है। वर्ष के लिए अनुदानों और प्रभारित विनियोगों हेतु सरकार के विनियोग लेखे, जो बजट तुलना का प्रतिनिधित्व करते हैं, अलग से प्रस्तुत किए गए हैं।

मेरे अधिकारियों द्वारा अपेक्षित और प्राप्त की गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के आधार पर तथा लेखाओं की परीक्षण लेखापरीक्षा के परिणामस्वरूप, मेरे अभिमत में, 'वित्त लेखाओं पर व्याख्यात्मक टिप्पणियों' के साथ पढ़े जाने वाले वित्त लेखे उचित वित्तीय स्थिति और वर्ष 2024-25 के लिए राज्य सरकार की प्राप्तियां और संवितरण प्रस्तुत करते हैं।

इन लेखाओं की लेखापरीक्षा के साथ-साथ वर्ष या पूर्व के वर्षों के दौरान किए गए लेखापरीक्षा से प्राप्त टिप्पणियां 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए अलग से प्रस्तुत की जा रही उत्तराखण्ड सरकार पर मेरी वित्तीय, अनुपालन और निष्पादन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में निहित हैं।

अभिमत के लिए आधार

लेखापरीक्षा का संचालन सीएजी के लेखापरीक्षा मानकों के अनुसार किया गया है। ये मानक यह अपेक्षा करते हैं कि हम इस आशय का तर्क संगत आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखापरीक्षा की योजना तैयार करके उसका निष्पादन करें कि लेखे वस्तुपरक अशुद्ध विवरण से मुक्त हैं। एक लेखापरीक्षा में, परीक्षण के आधार पर, वित्तीय विवरणों में राशियों और प्रकटीकरणों से संबंधित साक्ष्यों की जांच शामिल है। हमारे द्वारा प्राप्त किए गए लेखापरीक्षा साक्ष्य मेरे अभिमत के लिए एक आधार प्रदान करते हैं।

प्रारंभिक और अनुषंगी लेखाओं की तैयारी का उत्तरदायित्व

राज्य सरकार राज्य विधानमंडल से बजट का प्राधिकरण प्राप्त करने के लिए उत्तरदायी है। राज्य सरकार और वे जो बजट के निष्पादन के लिए उत्तरदायी हैं जैसे उत्तराखण्ड सरकार के कोषागार, कार्यालय और विभाग, प्रारंभिक और अनुषंगी खातों की तैयारी और शुद्धता के साथ-साथ लागू विधियों, मानकों, नियमों एवं विनियमों के अनुसार लेनदेन की नियमितता सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार हैं।

इसके अलावा, वे वित्त लेखाओं के संकलन और तैयारी के लिए उत्तराखण्ड के महालेखाकार (लेखा और हकदारी) के कार्यालय को प्रारंभिक और अनुषंगी लेखाओं और उससे संबंधित जानकारी प्रदान करने के लिए जिम्मेदार हैं।

वार्षिक लेखाओं के संकलन का उत्तरदायित्व

मेरे नियंत्रणाधीन कार्यरत उत्तराखण्ड के महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) का कार्यालय राज्य सरकार के वार्षिक लेखों के संकलन एवं तैयार करने के लिए उत्तरदायी है। यह नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के (कर्तव्य, शक्तियां और सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 की आवश्यकताओं के अनुसार है।

वार्षिक लेखा वाउचरों, चालानों और कोषागारों, कार्यालयों और उत्तराखण्ड सरकार के विभाग और भारतीय रिजर्व बैंक से प्राप्त विवरण और प्रारंभिक एवं अनुषंगी लेखाओं से संकलित किया गया है।

इस संकलन में विवरण (9 एवं 20, विवरण संख्या 14 की व्याख्यात्मक टिप्पणी 2) और परिशिष्ट (IV, V, VI, VIII, IX, XI एवं XII) सीधे उत्तराखण्ड सरकार एवं संघ सरकार से प्राप्त जानकारी से तैयार किए गए हैं जो ऐसी जानकारी के लिए उत्तरदायी हैं।

वार्षिक लेखाओं की लेखापरीक्षा के उत्तरदायित्व

वार्षिक लेखाओं की लेखापरीक्षा भारत के संविधान के अनुच्छेद 149 और 151 तथा नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कर्तव्य, शक्तियाँ और सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 की आवश्यकताओं के अनुसार महालेखाकार (लेखापरीक्षा) के कार्यालय के माध्यम से ऐसी लेखापरीक्षा के परिणामों के आधार पर इन लेखाओं पर अभिमत व्यक्त करने के लिए की जाती है।

महालेखाकार (लेखापरीक्षा) और महालेखाकार (लेखा और हकदारी) के कार्यालय अलग-अलग संवर्ग, अलग रिपोर्टिंग लाइन और प्रबंधन संरचना के साथ स्वतंत्र संगठन हैं।

दिनांक: 08 OCT 2025

स्थानः नई दिल्ली

(के. संजय मूर्ति)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक

वित्त लेखे की मार्गदर्शिका

(अ) सरकारी लेखाओं की संरचना का विस्तृत विहंगावलोकन:-

1. उत्तराखण्ड सरकार के वित्त लेखे, राजस्व एवं पूँजीगत लेखाओं द्वारा प्रदर्शित वित्तीय परिणामों के साथ वर्ष के दौरान सरकार की प्राप्तियों एवं संवितरणों के लेखाओं तथा लेखे में दर्ज शेषों के आधार पर राज्य सरकार के लोक ऋण एवं देयताएँ व परिसम्पत्तियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हैं | वित्त लेखे के साथ विनियोग खाते होते हैं, जो अनुदानों/विनियोगों के विरुद्ध व्यय की तुलना प्रस्तुत करते हैं।

2. सरकार के लेखे तीन भागों में रखे जाते हैं:-

भाग-I : समेकित निधि:

इस निधि में राज्य सरकार द्वारा प्राप्त सभी राजस्व, राज्य सरकार द्वारा लिए गये सभी ऋण (बाजार ऋण, बांड, केन्द्रीय सरकार से लिया गया ऋण, वित्तीय संस्थानों से लिया गया ऋण, राष्ट्रीय अल्प बचत निधि को जारी विशेष प्रतिभूतियाँ आदि), भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बढ़ाये गये अर्थोपाय अग्रिम एवं ऋण की अदायगी के रूप में राज्य सरकार द्वारा प्राप्त सभी राशियाँ सम्मिलित हैं | विधि के अनुसार एवं भारतीय संविधान में उपबंधित उद्देश्यों एवं रीति के अलावा इस निधि से कोई भी धनराशि विनियोजित नहीं की जा सकती है | व्यय की कुछ श्रेणियाँ (जैसे- संवैधानिक अधिकारियों का वेतन, ऋण अदायगी आदि) राज्य की संचित निधि पर भारित (प्रभारित व्यय) होता है एवं विधायिका द्वारा मतदान के अधीन नहीं है | अन्य सभी व्ययों पर (दत्तमत व्यय) विधायिका द्वारा मतदान किया जाता है |

समेकित निधि में दो अनुभाग सम्मिलित हैं: राजस्व एवं पूँजीगत (लोक ऋण, ऋण एवं अग्रिमों सहित) | इन्हें आगे "प्राप्तियों" एवं "व्यय" में वर्गीकृत किया गया है | राजस्व प्राप्तियाँ अनुभाग को तीन क्षेत्रकों में विभाजित किया गया है, जैसे 'कर राजस्व', 'करेतर राजस्व' एवं 'सहायता अनुदान व अंशदान'| ये तीन क्षेत्रक आगे उप-क्षेत्रकों में बँट जाते हैं, जैसे- 'आय एवं व्यय पर कर', 'राजकोषीय सेवाएँ' आदि | 'पूँजीगत प्राप्तियाँ' अनुभाग में कोई क्षेत्रक अथवा उप-क्षेत्रक नहीं होता | राजस्व व्यय अनुभाग चार क्षेत्रकों में विभाजित होता है- जैसे "सामान्य सेवाएँ", "सामाजिक सेवाएँ", "आर्थिक सेवाएँ" एवं "सहायता अनुदान व अंशदान" | 'राजस्व व्यय' अनुभाग के अंतर्गत ये क्षेत्रक आगे उप-क्षेत्रकों में बँट जाते हैं, जैसे- "राज्य के अंग", "शिक्षा, खेल, कला व संस्कृति" आदि | 'पूँजीगत व्यय' अनुभाग- सात क्षेत्रकों में उपविभाजित किया जाता है- जैसे "सामान्य सेवाएँ", "सामाजिक सेवाएँ", "आर्थिक सेवाएँ", "लोक ऋण", "ऋण एवं अग्रिम", 'अंतर्राज्यीय समायोजन' एवं 'आकस्मिकता निधि को विनियोजन'|

भाग-II आकस्मिकता निधि:

यह निधि एक अग्रदाय के रूप में होती है जिसे राज्य विधायिका विधि द्वारा स्थापित किया जाता है एवं जो अप्रत्याशित व्यय जिसका अनुमोदन राज्य विधानमंडल द्वारा लंबित होता है, के वहन के लिए अग्रिम प्रदान करने हेतु राज्यपाल के अधीन होता है| राज्य के समेकित निधि से सम्बंधित क्रियाशील मुख्य शीर्ष में व्ययों को नामे करके आपूर्ति किया जाता है | वर्ष 2024-25 के लिए उत्तराखण्ड सरकार की आकस्मिकता निधि में ₹ 500.00 करोड़ है |

भाग-III लोक लेखा:

सरकार या सरकार की ओर से प्राप्त किये गए अन्य सभी लोक धन, जहाँ सरकार एक बैंकर अथवा न्यासी के रूप में कार्य करती है, लोक लेखे में जमा किए जाते हैं | लोक लेखे में प्रतिदेय जैसे-अल्प बचत एवं भविष्य निधि, जमा (ब्याज एवं बिना ब्याज), अग्रिम, आरक्षित निधि (ब्याज एवं बिना ब्याज), धन-प्रेषण एवं उच्चंत शीर्ष (जिनमे दोनों अंतिम लेखांकन के लम्बित रहने तक पारगमन शीर्ष हैं) सम्मिलित होते हैं | सरकार के पास उपलब्ध कुल नकद शेष भी लोक लेखा के अंतर्गत शामिल किया जाता है | लोक लेखा में छ: क्षेत्रक होते हैं- नामतः 'अल्प बचत', 'भविष्य निधि आदि' 'आरक्षित निधि', 'जमा एवं अग्रिम', 'उच्चंत एवं विविध', 'प्रेषण' एवं 'रोकड़ शेष'| ये क्षेत्रक आगे उप-क्षेत्रकों में उपविभाजित होते हैं | लोक लेखा विधायिका द्वारा मतदान के अधीन नहीं है |

3. सरकारी लेखा एक छह स्तरीय वर्गीकरण के अंतर्गत प्रस्तुत होता है नामतः मुख्य शीर्ष (चार अंक), उप-मुख्य शीर्ष (दो अंक), लघु शीर्ष (तीन अंक), उप-शीर्ष (दो अंक), विस्तृत शीर्ष (दो अंक) एवं वस्तु शीर्ष (दो अंक) | मुख्य शीर्ष सरकार के कार्यों का, उप-मुख्य शीर्ष उप-कार्यों का, लघु शीर्ष कार्यक्रमों/गतिविधियों का, उप शीर्ष योजनाओं का, विस्तृत शीर्ष उप योजनाओं का एवं वस्तु शीर्ष व्यय का उद्देश्य/वस्तु का प्रतिनिधित्व करता है |

4. लेखाओं में वर्गीकरण की मुख्य इकाई मुख्य शीर्ष है जिसमें निम्नलिखित कोडिंग पद्धति निम्नवत है: (31 मार्च 2025 तक संशोधित मुख्य व लघु शीर्षों की सूची के अनुसार)-

0005 से 1606	*राजस्व प्राप्तियाँ*
2011 से 3606	*राजस्व व्यय*
4000	*पूँजीगत प्राप्तियाँ*
4046 से 7810	*पूँजीगत व्यय (लोक ऋण, ऋण एवं अग्रिम सहित)*
7999	*आकस्मिकता निधि को विनियोजन*
8000	*आकस्मिकता निधि*
8001 से 8999	*लोक लेखा*

5. लेखे की संरचना का सचित्र वर्णन नीचे दिया गया है:

सरकारी लेखे की संरचना



वित्त लेखे की मार्गदर्शिका

वित्त लेखे दो खंडो में प्रस्तुत किये जाते हैं :

खण्ड-I में भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रमाण पत्र, वित्त लेखे की निर्देशिका, तेरह (13) विवरण, जो वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए राज्य सरकार की वित्तीय स्थिति एवं संव्यवहारों की संक्षिप्त जानकारी देते हैं, एवं 'वित्त लेखों पर टिप्पणियाँ' शामिल होते हैं | **खण्ड-I** में तेरह विवरणों एवं 'वित्त लेखों पर टिप्पणियाँ' का विवरण नीचे दिया गया है-

1. **वित्तीय स्थिति का विवरण:**
   यह विवरण राज्य सरकार की परिसंपत्ति एवं दायित्वों के संचयी आँकड़ों की स्थिति तथा गत वर्ष की समाप्ति पर उनकी स्थिति से तुलना को दर्शाता है |

2. **प्राप्तियों एवं भुगतानों का विवरण :**
   यह विवरण राज्य सरकार के चालू वर्ष में सरकारी लेखे के तीन भागों, नामतः समेकित निधि, आकस्मिकता निधि एवं लोक लेखे, में सभी प्राप्तियों एवं संवितरणों को दर्शाता है | इसके अतिरिक्त, इसके साथ एक अनुलग्नक होता है, जो सरकार के नकद शेषों (निवेश सहित) का वैकल्पिक चित्रण दर्शाता है | अनुलग्नक विस्तृत रूप से सरकार की अर्थोपाय अग्रिम की स्थिति को भी दर्शाता है |

3. **प्राप्तियों का विवरण (समेकित निधि**):
   यह विवरण राजस्व एवं पूँजीगत प्राप्तियों, उधार एवं राज्य सरकार द्वारा दिए गये ऋणों के पुनर्भुगतान को दर्शाता है | यह विवरण वित्त लेखे के खंड-II ब्यौरेवार विवरण संख्या 14, 17 एवं 18 के अनुरूप है |

4. **व्यय का विवरण (समेकित निधि)**: वित्त लेखाओं के लघु शीर्ष स्तर तक सामान्य वर्णन से भिन्न यह विवरण व्यय की गतिविधि की प्रकृति (व्यय का उद्देश्य) का भी ब्यौरा देता है | यह खण्ड-II के ब्यौरेवार विवरण संख्या 15, 16, 17 एवं 18 के अनुरूप है |

5. **प्रगामी पूँजीगत व्यय का विवरण:**
   यह विवरण खण्ड-II में ब्यौरेवार विवरण संख्या 16 के अनुरूप है |

6. **उधार एवं अन्य देयताओं का विवरण**:
   सरकार के उधारों के अन्तर्गत बाज़ार से लिया गया ऋण (आंतरिक ऋण) तथा भारत सरकार से प्राप्त ऋण एवं अग्रिम सम्मिलित हैं | 'अन्य दायित्वों' में 'अल्प बचत, भविष्य निधि', 'आरक्षित निधि' एवं 'जमा' शामिल होते हैं | इस विवरण में ऋण सेवा पर टिप्पणी भी सम्मिलित है एवं यह खण्ड-II के ब्यौरेवार विवरण संख्या 17 के अनुरूप है |

7. **सरकार द्वारा दिए गये ऋणों एवं अग्रिमों का विवरण:**
   यह विवरण राज्य सरकार द्वारा विभिन्न श्रेणियों के ऋणग्राहियों जैसे-सांविधिक निगमों, सरकारी कंपनियों, स्वायत्तशासी एवं अन्य निकाय/प्राधिकरण एवं प्राप्तकर्ता व्यक्तियों (सरकारी कर्मियों सहित) को दिए गये ऋण तथा पेशगियों को दर्शाता है | यह विवरण खण्ड-II में ब्यौरेवार विवरण संख्या 18 के अनुरूप है |

8. **सरकार के निवेशों का विवरण**:
   यह विवरण राज्य सरकार के सांविधिक निगमों, सरकारी कम्पनियों, अन्य संयुक्त कम्पनियों, सहकारी संस्थान एवं स्थानीय निकायों के समता पूँजी में किये गए निवेश को दर्शाता है | यह खण्ड-II के ब्यौरेवार विवरण संख्या 19 के अनुरूप है |

9. **सरकार द्वारा दी गयी प्रत्याभूतियों का विवरण**:
   इस विवरण में सांविधिक निगमों, सरकारी कंपनियों, स्थानीय निकायों एवं अन्य संस्थानों द्वारा लिए गये ऋणों पर मूलधन व ब्याज की अदायगी पर राज्य सरकार द्वारा दी गयी वचनबद्धताओं को संक्षिप्त में दर्शाया गया है | यह विवरण खण्ड-II के ब्यौरेवार विवरण संख्या 20 के अनुरूप है |

10. **सरकार द्वारा दिए गये सहायता अनुदानों का विवरण:**
    यह विवरण 'अनुदान प्राप्तकर्ता' के विभिन्न वर्गों जैसे सांविधिक निगमों, सरकारी कंपनियों, स्वायत्तशासी एवं अन्य निकायों/ प्राधिकरणों एवं व्यक्तियों को राज्य सरकार द्वारा दिए गये सभी अनुदानों को दर्शाता है | परिशिष्ट-III प्राप्तकर्ता संस्थानों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करता है |

11. **दत्तमत एवं भारित व्यय का विवरण:**
    यह विवरण वित्त लेखे में प्रदर्शित निवल आँकड़ों को विनियोग लेखे में दर्शाए गये सकल आँकड़ों के साथ अनुरूपता दर्शाने में सहायक होता है |

12. **राजस्व लेखे से भिन्न व्यय हेतु निधियों के स्रोतों व उनके उपयोग का विवरण:** यह विवरण इस सिद्धान्त पर आधारित है कि राजस्व व्यय की प्रतिपूर्ति राजस्व प्राप्तियों से अदा की जानी चाहिए, जबकि पूँजीगत व्यय राजस्व आधिक्य, लोक लेखा में निवल जमा शेष, वर्ष के आदि रोकड़ शेष तथा उधारों से पूरित होना चाहिये |

13. **शेषों का सार (समेकित निधि, आकस्मिकता निधि और लोक लेखा):**
    यह विवरण लेखे की परिशुद्धता प्रमाणित करने में सहायक है | यह विवरण खण्ड-II के ब्यौरेवार विवरण संख्या 14, 15, 16, 17, 18 एवं 21 से सम्बन्धित है |

'वित्त लेखों पर टिप्पणियाँ' और महत्वपूर्ण लेखा नीतियां

'वित्त लेखों पर टिप्पणियाँ' प्रकटीकरण और व्याख्यात्मक नोट प्रदान करते हैं, जिनका उद्देश्य लेनदेनों, लेनदेनों के वर्गों, शेष राशि आदि से संबंधित अतिरिक्त जानकारी/स्पष्टीकरण प्रदान करना है, जो वित्त लेखों के हितधारकों/उपयोगकर्ताओं के लिए सहायक होगा।

बजट और वित्तीय रिपोर्टिंग के आधार पर, भारत सरकार के लेखांकन मानकों (आईजीएएस) की आवश्यकताओं, खातों के रूप, पूंजी और राजस्व व्यय के बीच वर्गीकरण, पूर्णांकन, आवधिक समायोजन आदि सहित महत्वपूर्ण लेखा नीतियों को वित्त लेखे के खण्ड-I में 'वित्त लेखों पर टिप्पणियाँ' के भाग के रूप में शामिल किया गया है।

वित्त लेखे के खण्ड-II में दो भाग हैं – भाग एक में नौ ब्यौरेवार विवरण एवं भाग दो में तेरह परिशिष्ट हैं |

खण्ड-II का भाग-I

14. **लघु शीर्षवार राजस्व एवं पूँजीगत प्राप्तियों का ब्यौरेवार विवरण:** यह विवरण, खण्ड-I में संक्षिप्त विवरण संख्या 3 के अनुरूप है | लघु शीर्ष स्तर पर राजस्व प्राप्तियों के विवरण का प्रतिनिधित्व करने के अलावा, यह विवरण केंद्र सरकार से सहायता अनुदान के संबंध में उप-शीर्ष स्तर पर विवरण दर्शाता है।

15. **लघु शीर्षवार राजस्व व्यय का ब्यौरेवार विवरण:** यह विवरण जो खण्ड-I के संक्षिप्त विवरण संख्या 4 के अनुरूप है, राज्य सरकार के राजस्व व्ययों को दर्शाता है | प्रभारित एवं दत्त मत व्यय को अलग-अलग प्रदर्शित किया जाता है |
16. **लघु शीर्षवार एवं उपशीर्षवार पूँजीगत व्यय का ब्यौरेवार विवरण:** यह विवरण खण्ड-I के संक्षिप्त विवरण संख्या 5 के अनुरूप होता है, जो राज्य सरकार के पूंजीगत व्यय (वर्ष के दौरान तथा संचयी) को प्रदर्शित करता है | प्रभारित एवं दत्त मत व्यय अलग प्रदर्शित किया जाता है | लघु शीर्ष स्तर पर पूंजीगत व्यय के विवरण प्रस्तुत करने के अलावा महत्वपूर्ण योजनाओं के सम्बन्ध में यह विवरण उपशीर्ष स्तर पर भी ब्यौरा दर्शाता है |
17. **उधार एवं अन्य देयताओं का ब्यौरेवार विवरण**: यह विवरण खण्ड-I के संक्षिप्त विवरण संख्या 6 के अनुरूप है, इसमें राज्य सरकार द्वारा लिए गये सभी ऋणों का विवरण (बाजार ऋण, बांड, केंद्र सरकार से ऋण, वित्तीय संस्थाओं से ऋण, राष्ट्रीय अल्प बचत को जारी विशेष प्रतिभूतियाँ आदि) एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बढ़ाये गये अर्थोपाय अग्रिम शामिल होते हैं | यह विवरण तीन वर्गों के तहत ऋणों की जानकारी देता है: (अ) व्यक्तिगत ऋणों का विवरण (ब) परिपक्वता विवरणिका अर्थात अलग-अलग वर्षों में ऋणों की प्रत्येक श्रेणी के सम्बन्ध में देय राशि (स) बकाया ऋणों पर ब्याज दरों का खाका एवं बाजार ऋणों को दर्शाने वाला अनुलग्नक |
18. **सरकार द्वारा दिए गये ऋणों एवं अग्रिमों का ब्यौरेवार विवरण**: यह विवरण खण्ड-I के संक्षिप्त विवरण संख्या 7 के अनुरूप है |
19. **सरकार के निवेशों का ब्यौरेवार विवरण:** यह विवरण वर्ष के दौरान निवेशों के इकाई-वार और प्रमुख और लघु शीर्ष-वार निवेशों का विवरण दर्शाता है, जहां विवरण 16 और 19 के बीच अंतर है। यह विवरण खंड I में विवरण 8 के अनुरूप है।

20. **सरकार द्वारा दी गई प्रत्याभूतियों का ब्यौरेवार विवरण :** यह विवरण अधिष्ठान वार सरकार की प्रत्याभूतियों का विवरण प्रस्तुत करता है | यह विवरण खण्ड-I के विवरण संख्या 9 के अनुरूप है |

21. **आकस्मिकता निधि और अन्य लोक लेखा संव्यवहारों का ब्यौरेवार विवरण :** यह विवरण लघु शीर्ष स्तर तक आकस्मिकता निधि की अनापूर्तित धनराशि, वर्ष के दौरान लोक लेखे के लेन-देनों की समेकित स्थिति एवं वर्ष के अंत में बकाया शेषों को प्रस्तुत करता है |
22. **उद्दिष्ट निधियों के निवेश का ब्यौरेवार विवरण :** यह विवरण आरक्षित निधि एवं जमा (लोक लेखा) से किये गए निवेश के ब्यौरे को प्रदर्शित करता है |

खण्ड-II का भाग-II

भाग-II में तेरह परिशिष्ट होते है जो विभिन्न मदों वेतन, सब्सिडी, सहायता अनुदान, बाह्य सहायता प्राप्त परियोजना आदि शामिल हैं | ये विवरण उप शीर्ष स्तर अथवा नीचे (अर्थात लघु शीर्ष स्तर से नीचे) तक लेखे में दर्शाये जाते हैं, इसलिए साधारणतया वित्त लेखे में नहीं दर्शाये जाते हैं | परिशिष्ट की एक विस्तृत सूची खण्ड-I अथवा खण्ड-II में 'विषय सूची' में दृष्टिगोचर होता है | परिशिष्टों के साथ पठित वित्त लेखे के विवरण और 'वित्त लेखाओं पर टिप्पणियाँ' वर्ष के लिए प्राप्तियों और संवितरणों के लेखों के साथ-साथ सरकार की वित्तीय स्थिति को प्रस्तुत करती हैं।

(ब) शीघ्र गणक:

निम्न अनुभाग खण्ड-I में दर्शाये गये संक्षिप्त विवरणों को खण्ड-II में विस्तृत विवरणों तथा परिशिष्टों के साथ जोड़ता है | (परिशिष्ट, जिनका संक्षिप्त विवरणों से सीधा सम्पर्क नहीं है, को नीचे नहीं दर्शाया गया है) |

मानदंड	**खण्ड-I**	**खण्ड-II**	
	संक्षिप्त विवरण	**ब्यौरेवार विवरण**	**परिशिष्ट**
राजस्व प्राप्तियाँ (प्राप्त अनुदानों सहित), पूँजीगत प्राप्तियाँ	2,3	14	
राजस्व व्यय	2,4	15	I (वेतन), II (उपादान)
सरकार द्वारा प्रदत्त सहायक अनुदान	2,10		III (सहायता अनुदान)
पूँजीगत व्यय	1,2,4,5,12	16	I (वेतन)
सरकार द्वारा दिए गये ऋण एवं अग्रिम	1,2,7	18	
ऋणों की स्थिति /उधार	1,2,6	17	
सरकारी कम्पनी, निगमों इत्यादि में सरकार का निवेश	8	19	
रोकड़	1,2,12,13		
लोक लेखा में अवशेष तथा उनका निवेश	1,2,12,13	21,22	
प्रत्याभूति	9	20	
योजनायें			IV (बाह्य सहायतित परियोजना)

1. वित्तीय स्थिति का विवरण

(₹ करोड़ में)

संपत्ति[1]		सन्दर्भ (विवरण संख्या)		31 मार्च 2025 तक	31 मार्च 2024 तक
		वित्त लेखों पर टिप्पणियाँ	विवरण/ परिशिष्ट		
रोकड़				**2,255.91**	**1,804.76**
(i)	कोषागार में रोकड़ एवं स्थानीय प्रेषण	...	वि० सं० 2 का अनुलग्नक	...	...
(ii)	विभागीय शेष	...	21	(-)10.71	(-)10.71
(iii)	स्थायी नकद अग्रदाय	...	21	(-)0.81	(-)0.81
(iv)	नकद शेष निवेश लेखा	...	21	...	...
(v)	भारतीय रिर्जव बैंक में जमा (यदि जमा राशि है तो (-) चिन्ह से सम्मिलित करें)	...	वि० सं० 2 का अनुलग्नक	(-)1.19	(-)102.34
(vi)	उद्दिष्ट निधियों से निवेश	...	21 & 22	2,268.62	1,918.62
पूँजीगत व्यय		...		**1,02,140.78**	**91,035.28**
(i)	कंपनियों व निगमों के शेयरों में निवेश[2]	...	8 & 19	4,940.50	4,527.50
(ii)	अन्य पूँजीगत व्यय	...	16	97,200.28	86,507.78
आकस्मिकता निधि (अप्रतिपूर्तित)		5	21	**310.13**	**308.81**
ऋण एवं अग्रिम		...	7 & 18	**3,217.20**	**2,562.89**
विभागीय अधिकारियों के पास अग्रिम		...	21	**0.42**	**0.42**
उच्चंत तथा विविध शेष[3]		...	21	**...**	**(-)60.95**
प्रेषण शेष		...	21	**...**	**(-)85.74**
प्राप्तियों पर व्यय का संचयी आधिक्य[4]		...	13 & 16	**...**	**...**
पूर्णांकन के कारण समायोजन प्रविष्टि				**(-)0.02**	**(-)0.01**
योग				**1,07,924.42**	**95,565.46**

[1] परिसंपतियों तथा देयताओं के आंकड़े संचयी (Cumulative) हैं | कृपया 'लेखाओं पर टिप्पणियां' संख्या 1 (v) देखिए

[2] कम्पनियों, सांविधिक निगमों आदि के शेयरों में पूंजीगत व्यय से निवेश अलग दर्शाया गया है |

[3] इस विवरण में पंक्ति मद 'उच्चंत एवं विविध शेषों' में 'नकद शेष निवेश लेखा', 'विभागीय शेषों' एवं 'स्थाई नकद अग्रदाय' सम्मिलित नहीं हैं, जिसे ऊपर अलग से दर्शाया गया, यद्यपि इन लेखों में अन्यत्र ये मद इस क्षेत्र का हिस्सा बनते हैं |

[4] प्राप्तियों का व्यय से संचयी (Cumulative) आधिक्य या व्यय का प्राप्तियों से संचयी आधिक्य वर्तमान वर्ष के राजकोषीय / राजस्व घाटे से भिन्न है |

1. वित्तीय स्थिति का विवरण

(₹ करोड़ में)

दायित्व[1]		सन्दर्भ (विवरण संख्या)		31 मार्च 2025 तक	31 मार्च 2024 तक
		वित्त लेखों पर टिप्पणियाँ	विवरण/ परिशिष्ट		
उधार (लोक ऋण)				**77,034.96**	**67,960.74**
(i)	आन्तरिक ऋण	...	6 & 17	65,555.78	57,378.79
	बाज़ार ऋण	...	6 & 17	56,710.02	48,710.02
	भारतीय रिज़र्व बैंक से अर्थोपाय अग्रिम	...	6 & 17	1,438.84	607.06
	क्षतिपूर्ति और अन्य बांड	...	6 & 17	0.77	0.77
	वित्तीय संस्थाओं से ऋण	...	6 & 17	3,645.12	3,529.22
	केन्द्रीय सरकार की राष्ट्रीय अल्प बचत निधि को जारी विशेष प्रतिभूति	...	6 & 17	3,761.00	4,531.69
	अन्य ऋण	...	6 & 17	0.03	0.03
(ii)	केन्द्र सरकार से ऋण तथा अग्रिम	...	6 & 17	11,479.18	10,581.95
	आयोजनेत्तर ऋण	...	6 & 17	0.95	1.37
	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की आयोजनागत स्कीमों हेतु ऋण	...	6 & 17	285.77	326.00
	1984-85 से पूर्व के ऋण	...	6 & 17	0.53	0.53
	विधानमंडल सहित राज्य /केन्द्र शासित प्रदेश योजनाओं हेतु अन्य ऋण	...	6 & 17	11,191.93[1]	10,254.05
आकस्मिकता निधि (संग्रह/संचय)		4	21	**500.00**	**500.00**
लोक लेखे पर दायित्व		...		**28,818.34**	**19,872.68**
(i)	अल्प बचतें, भविष्य निधियां आदि	...	12, 17 & 21	9,960.66	9,671.23
(ii)	जमा	...	12, 17 & 21	4,634.54 **8,758.82**[2]	4,463.33
(iii)	आरक्षित निधियां	...	12, 21 & 22	5,304.49	5,738.12
(iv)	प्रेषण शेष	...	12 & 21	102.27	...
(v)	उच्चंत और विविध शेष (शुद्ध)	...	21	57.56[3]	...
प्राप्तियों का व्यय पर संचयी आधिक्य		...	...	1,571.12[4]	7,232.04[5]
	योग			**1,07,924.42**	**95,565.46**

[1]केंद्र सरकार द्वारा लगातार ऋण चुकाने के कारण प्रोफार्मा में सुधार के कारण उनकी शेष राशि में ₹ 1,640.15 करोड़ की कमी आई। विस्तृत पूर्व अवधि समायोजन पृष्ठ 44 पर है।

[2]यह उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच अनाबंटित शेष को दर्शाता है

[3]पृष्ठ संख्या 2 के फुटनोट संख्या 3 को देखें|

[4]विवरण संख्या 12 से भिन्नता ₹(-)327.77 करोड़ के विविध पूंजी प्राप्तियों से योगदान और ₹ (+)0.04 करोड़ पूर्णांकन के कारण है|

[5]विवरण संख्या 12 से भिन्नता आकस्मिकता निधि में ₹ 500.00 करोड़ के विनियोजन, ₹ (-) 327.77 करोड़ के विविध पूंजी प्राप्तियों से योगदान और उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच ₹ (-) 8,758.82 करोड़ की अनाबंटित शेष राशि के कारण है।

2. प्राप्तियों एवं भुगतानों का विवरण

(करोड़ ₹ में)

प्राप्तियाँ			भुगतान		
	2024-25	**2023-24**		**2024-25**	**2023-24**
भाग - I समेकित निधि					
खण्ड-क : राजस्व					
राजस्व प्राप्तियाँ **सन्दर्भ वि० सं०3 एवं 14**	**51,473.34**	**50,615.01**	**राजस्व व्यय** **सन्दर्भ वि० सं० 4A,4B एवं 15**	**50,015.58**	**47,273.96**
कर राजस्व (राज्य द्वारा अधिरोपित/एकत्रित) **सन्दर्भ वि० सं०3 एवं 14**	**20,878.73**	**19,244.96**	वेतन[1] सन्दर्भ वि० सं० 4B एवं परिशिष्ट I	15,232.97	14,341.03
करेत्तर राजस्व **सन्दर्भ वि० सं०3 एवं 14**	**4,181.52**	**4,418.09**	उपादान सन्दर्भ परिशिष्ट II	680.80	428.23
ब्याज प्राप्तियाँ सन्दर्भ वि० सं०3 एवं 14	165.71	125.77	सहायक अनुदान[2&3] सन्दर्भ वि० सं० 4B,10 एवं परिशिष्ट III	3,561.86	3,837.49
अन्य सन्दर्भ वि० सं०3	4,015.81	4,292.32	**सामान्य सेवाएं** **सन्दर्भ वि० सं० 4 एवं 15**	**15,752.58**	**13,919.89**
			ब्याज अदायगी तथा ऋण शोधन सन्दर्भ वि० सं० 4 एवं 15	5,925.00	5,302.45
संघीय करों/शुल्कों का अंश **सन्दर्भ वि० सं०3 एवं 14**	**14,387.36**	**12,627.75**	पेंशन सन्दर्भ वि० सं० 4A,4B एवं 15	8,478.75	7,597.49
			अन्य सन्दर्भ वि० सं० 4A,4B एवं 15	1,348.83	1,019.95
			सामाजिक सेवाएं **सन्दर्भ वि० सं० 4A एवं 15**	**8,615.87**	**8,238.38**
			आर्थिक सेवाएं **सन्दर्भ वि० सं० 4A एवं 15**	**3,463.87**	**3,951.54**
केंद्र सरकार से अनुदान **सन्दर्भ वि० सं०3 एवं 14**	**12,025.73**	**14,324.22**	**स्थानीय निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं को क्षतिपूर्ति तथा समनुदेशन** **सन्दर्भ वि० सं० 4A, 10 एवं 15**	**2,707.64**[4]	**2,557.39**
पूर्णांकन के कारण समायोजन प्रविष्टि	...	(-)0.01	पूर्णांकन के कारण समायोजन प्रविष्टि	(-)0.01	0.01
राजस्व घाटा	**...**	**...**	***राजस्व आधिक्य***	**1,457.76**	**3,341.05**

[1] एक समेकित आँकड़े के रूप में प्रदर्शित करने के लिए सभी प्रभागों के वेतन, सब्सिडी, एवं सहायक अनुदान सम्बन्धी आंकड़ों को जोड़ दिया गया है | इस विवरण में क्षेत्रों सामान्य, सामाजिक एवं आर्थिक सेवाओं के अधीन दर्शाये गये व्यय के अंतर्गत वेतन, सब्सिडी तथा सहायक अनुदान सम्मिलित नहीं है | (पाद टिप्पणी (ब) में व्याख्यायित)

[1]वेतन में वस्तु शीर्ष 01-वेतन, 03-महंगाई भत्ता और 06-अन्य भत्ते शामिल हैं।

[2]सरकार द्वारा सांविधिक निगमों, कम्पनियों, स्वायत्त निकायों तथा स्थानीय निकायों आदि को सहायक अनुदान दिया जाता है, जिसे ऊपर पंक्ति मद के रूप में दर्शाया गया है | ये अनुदान स्थानीय निकायों को क्षतिपूर्ति तथा समनुदेशन हेतु दिये जाने वाले शुल्कों, करों से भिन्न है जिन्हें "स्थानीय निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं को क्षतिपूर्ति तथा समनुदेशन" के रूप में पृथक से दर्शाया गया है |

[3]सहायता अनुदान में वस्तु शीर्ष 05- वेतन, भत्ते और अन्य व्ययों के लिए सहायता अनुदान एवं वस्तु शीर्ष 56- सहायक अनुदान (गैर वेतन) (मुख्य शीर्ष 3604 - 'स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं को मुआवजा और समनुदेशन' में वस्तु शीर्ष 56 के अंतर्गत पुस्तांकित किए गए ₹ 687.64 करोड़ रुपये को छोड़कर) शामिल हैं।

[4]इसमें वस्तु शीर्ष 69-समनुदेशन के अंतर्गत दर्ज ₹ 2,020.00 करोड़ और मुख्य शीर्ष 3604-स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थायों को क्षतिपूर्ति एवं समनुदेशन के अंतर्गत वस्तु शीर्ष 56-सहायक अनुदान (गैर वेतन) के अंतर्गत दर्ज ₹ 687.64 करोड़ रुपये सम्मिलित है|

2. प्राप्तियों एवं भुगतानों का विवरण

(करोड़ ₹ में)

प्राप्तियाँ			भुगतान		
	2024-25	**2023-24**		**2024-25**	**2023-24**
भाग - I समेकित निधि					
खण्ड ख पूँजीगत					
पूँजीगत प्राप्तियाँ **सन्दर्भ वि० सं०3 एवं 14**	**...**	**...**	**पूँजीगत व्यय** **सन्दर्भ वि० सं० 4A, 4B एवं 16**	**11,105.50**	**10,981.80**
			वेतन	...	...
			सामान्य सेवाएं सन्दर्भ वि० सं० 4A एवं 16	2,047.61	2,359.68
			सामाजिक सेवाएं सन्दर्भ वि० सं० 4A एवं 16	2,927.24	3,496.37
			आर्थिक सेवाएं सन्दर्भ वि० सं० 4A एवं 16	6,130.65	5,125.74
पूर्णांकन के कारण समायोजन प्रविष्टि	...	...	पूर्णांकन के कारण समायोजन प्रविष्टि	...	0.01
ऋण तथा अग्रिम वसूली **सन्दर्भ वि० सं०3, 7 एवं 18**	**36.69**	**15.82**	**ऋण तथा अग्रिम भुगतान** **सन्दर्भ वि० सं० 4A,7 एवं 18**	**691.00**	**124.09**
सामान्य सेवाएं सन्दर्भ वि० सं० 4A,7 एवं 18	...	...	सामान्य सेवाएं सन्दर्भ वि० सं० 4A,7 एवं 18	...	...
सामाजिक सेवाएं सन्दर्भ वि० सं० 4A,7 एवं 18	...	...	सामाजिक सेवाएं सन्दर्भ वि० सं० 4A,7 एवं 18	35.81	...
आर्थिक सेवाएं सन्दर्भ वि० सं० 4A,7 एवं 18	35.97	15.06	आर्थिक सेवाएं सन्दर्भ वि० सं० 4A,7 एवं 18	654.21	122.87
अन्य (सरकारी कर्मचारी एवं विविध) सन्दर्भ वि० सं० 7	0.72	0.76	अन्य (सरकारी कर्मचारी एवं विविध) सन्दर्भ वि० सं० 4A,7 एवं 18	0.98	1.23
पूर्णांकन के कारण समायोजन प्रविष्टि	...	...	पूर्णांकन के कारण समायोजन प्रविष्टि	...	(-)0.01
लोक ऋण की प्राप्तियाँ **सन्दर्भ वि० सं०3, 6 एवं 17**	**39,708.51**	**28,831.69**	**लोक ऋण का पुनर्भुगतान** **सन्दर्भ वि० सं० 4A, 6 एवं 17**	**28,994.14**	**23,029.73**
आन्तरिक ऋण (बाजार ऋण, एन.एस.एस.एफ. आदि)[1] सन्दर्भ वि० सं०3, 6 एवं 17	37,108.97	26,781.99	आन्तरिक ऋण (बाजार ऋण, एन.एस.एस.एफ. आदि) सन्दर्भ वि० सं० 4A, 6 एवं 17	28,931.98	22,961.63
भारत सरकार से ऋण सन्दर्भ वि० सं०3, 6 एवं 17	2,599.54	2,049.70	भारत सरकार से ऋण सन्दर्भ वि० सं०3, 6 एवं 17	62.16	68.10
पूर्णांकन के कारण समायोजन प्रविष्टि	...	...	पूर्णांकन के कारण समायोजन प्रविष्टि	...	...
अंतर्राज्यीय समायोजन लेखा	...	...	अंतर्राज्यीय समायोजन लेखा	...	...
आकस्मिकता निधि को विनियोजन सन्दर्भ वि०सं० 21	...	...	आकस्मिकता निधि को विनियोजन सन्दर्भ वि०सं० 21	...	...
समेकित निधि की कुल प्राप्तियाँ **सन्दर्भ वि० सं० 3**	**91,218.54**	**79,462.52**	**समेकित निधि से कुल व्यय** **सन्दर्भ वि०सं० 4**	**90,806.22**	**81,409.58**
राजकोषीय घाटा[2]	**10,302.05**	**7,749.02**	**राजकोषीय अधिशेष**	**...**	**...**
समेकित निधि में घाटा	**...**	**1,947.06**	**समेकित निधि में आधिक्य**	**412.32**	**...**

[1]राष्ट्रीय अल्प बचत निधि में 1 अप्रैल 2024 को ₹ 4,531.69 करोड़ की राशि शेष थी जो कि 31 मार्च 2025 को घटकर ₹ 3,761.00 करोड़ रह गई |

[2]राजस्व घाटा = (राजस्व व्यय+पूंजीगत व्यय+ऋण तथा अग्रिम भुगतान+अंतर्राज्यीय समायोजन+आकस्मिकता निधि को विनियोजन) - (राजस्व प्राप्तियाँ+विविध पूंजीगत प्राप्तियाँ+ऋण तथा अग्रिम वसूली+अंतर्राज्यीय समायोजन)

2. प्राप्तियों एवं भुगतानों का विवरण

(करोड़ ₹ में)

प्राप्तियाँ			भुगतान		
	2024-25	**2023-24**		**2024-25**	**2023-24**
भाग - II आकस्मिकता निधि					
आकस्मिकता निधि **सन्दर्भ वि० सं० 21**	**308.81**	**178.50**	**आकस्मिकता निधि** **सन्दर्भ वि० सं० 21**	**310.13**	**308.81**
भाग - III लोक लेखा[1]					
अल्प बचतें सन्दर्भ वि० सं० 21	2,135.35	1,959.49	अल्प बचतें सन्दर्भ वि० सं० 21	1,845.92	1,741.83
आरक्षित निधियाँ सन्दर्भ वि० सं० 21	2,570.07	1,569.47	आरक्षित निधियाँ सन्दर्भ वि० सं० 21	3,353.70	765.99
जमाएं सन्दर्भ वि० सं० 21	6,459.05	6,212.73	जमाएं सन्दर्भ वि० सं० 21	6,287.84	5,630.06
अग्रिम सन्दर्भ वि० सं० 21	...	...	अग्रिम सन्दर्भ वि० सं० 21	...	...
उच्चंत एवं विविध सन्दर्भ वि० सं० 21	73,844.28	71,482.41	उच्चंत एवं विविध[2] सन्दर्भ वि० सं० 21	73,847.67	70,976.88
प्रेषण सन्दर्भ वि० सं० 21	1.42	2.26	प्रेषण सन्दर्भ वि० सं० 21	(-)15.10	4.74
पूर्णांकन के कारण समायोजन प्रविष्टि	...	(-)0.02	पूर्णांकन के कारण समायोजन प्रविष्टि	(-)0.01	...
लोक लेखा की कुल प्राप्तियाँ **सन्दर्भ वि० सं० 21**	**85,010.17**	**81,226.34**	**लोक लेखा का कुल भुगतान** **सन्दर्भ वि० सं० 21**	**85,320.02**	**79,119.50**
लोक लेखा में घाटा **सन्दर्भ वि० सं० 21**	**309.85**	**...**	**लोक लेखा में आधिक्य** **सन्दर्भ वि० सं० 21**	**...**	**2,106.84**
प्रारम्भिक रोकड़ शेष सन्दर्भ वि० सं० 21	(-)102.34	(-)131.82	अंतिम रोकड़ शेष सन्दर्भ वि० सं० 21	(-)1.19	(-)102.34
रोकड़ शेष में वृद्धि	101.15	29.48	रोकड़ शेष में कमी	...	...

[1]कृपया ब्यौरे के लिए खण्ड-2 में विवरण संख्या-21 देखिए |

[2]'उच्चंत एवं विविध' में 'अन्य लेखे' यथा रोकड़ शेष निवेश लेखा (मुख्य शीर्ष 8673) आदि शामिल हैं | ये 'अन्य लेखे' सम्मिलित होने के कारण अधिक प्रतीत होते हैं| कृपया ब्यौरे के लिए खण्ड-2 में विवरण संख्या-21 देखें |

2. प्राप्तियों एवं भुगतानों का विवरण
विवरण संख्या 2 का अनुलग्नक
रोकड़ शेष एवं रोकड़ शेष का निवेश

(करोड़ ₹ में)

	सरकार की कुल रोकड़ स्थिति	31 मार्च 2025 को	31 मार्च 2024 को
(क)	**सामान्य रोकड़ शेष**		
	1. कोषागारों में रोकड़	...	...
	2. रिजर्व बैंक में जमा[1]	(-)1.19	(-)102.34
	3. पारगमन में प्रेषण- स्थानीय	...	...
	योग (1 से 3)	(-)1.19	(-)102.34
	4. रोकड़ शेष निवेश लेखा में निवेश	...	...
	योग (क)	(-)1.19	(-)102.34
(ख)	**अन्य रोकड़ शेष व निवेश**		
	1. विभागीय अधिकारियों के पास रोकड़ शेष	(-)10.71[2]	(-)10.71[2]
	2. आकस्मिक व्यय हेतु विभागीय अधिकारियों के पास स्थाई अग्रिम	(-)0.81[2]	(-)0.81[2]
	उद्दिष्ट निधियों से निवेश	2,268.62	1,918.62
	योग (ख)	**2,257.10**	**1,907.10**
	योग (क) और (ख)	**2,255.91**	**1,804.76**

व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ

(क) रोकड़ एवं रोकड़ समतुल्य :

रोकड़ एवं रोकड़ समतुल्य के अंतर्गत कोषागारों में रोकड़ तथा भारतीय रिजर्व बैंक एवं अन्य बैंकों के पास जमा एवं पारगमन में प्रेषण सम्मिलित हैं जैसा कि ऊपर दिया गया है | 'भारतीय रिजर्व बैंक में जमा' शीर्ष के अंतर्गत शेष {उपरोक्त क (2)} वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर समेकित निधि, आकस्मिकता निधि एवं लोक लेखे के संयुक्त शेषों को चित्रित करता है | समस्त रोकड़ स्थिति की गणना हेतु कोषागारों, विभागों में रोकड़ शेष एवं रोकड़ शेष/आरक्षित निधि आदि में से निवेश को 'रिज़र्व बैंक में जमा' में जोड़ा जाता है |

(ख) दैनिक रोकड़ शेष:

भारतीय रिजर्व बैंक के साथ किए गए अनुबंध के अनुसार राज्य सरकार को बैंक में ₹ 0.16 करोड़ न्यूनतम शेष बनाए रखना होता है | यदि किसी दिन रोकड़ शेष अनुबंध के इस न्यूनतम शेष से कम हो जाता है, तो इस कमी को समय-समय पर साधारण या विशेष अर्थोपाय अग्रिम/ अधिविकर्ष से पूरा किया जाता है |

अर्थोपाय अग्रिम / अधिविकर्ष को मंजूर करने के प्रयोजन से दैनिक रोकड़[3] शेष की गणना हेतु भारतीय रिजर्व बैंक उस दिन के लिए प्रतिवेदित लेन-देन (भारतीय रिजर्व बैंक काउंटर पर, अंतर्शासकीय लेन-देन तथा एजेंसी बैंक द्वारा प्रस्तुत कोषागार लेन-देन) के साथ 14 दिवसीय कोषागार देयकों की धारिता का मूल्यांकन करता है | इस तरह गणना किये गये रोकड़ शेष में परिपक्वहुए 14 दिवसीय कोषागार देयकों को जोड़ा जाता है तथा न्यूनतम शेष बनाए रखने के बाद अतिरिक्त शेष, यदि कोई है, को कोषागार देयकों में पुनः निवेश कर दिया जाता है | यदि शुद्ध रोकड़ शेष न्यूनतम रोकड़ शेष या जमा अवशेष से कम होता है और यदि उस दिन कोई भी 14 दिवसीय कोषागार देयक परिपक्वनहीं हो रहा है, तो भारतीय रिजर्व बैंक 14 दिवसीय कोषागार की धारिता से कटौती करता है और कमी को पूरा कर दिया जाता है | यदि उस दिन 14 दिवसीय कोषागार देयक की धारिता नही है, तो राज्य सरकार अर्थोपाय अग्रिम/ विशेष अर्थोपाय अग्रिम/ अधिविकर्ष के लिए आवेदन करती है |

---

[1]रिजर्व बैंक में जमा' शीर्ष के अंतर्गत अवशेष की गणना 16 अप्रैल 2025 तक भारतीय रिजर्व बैंक को सूचित वित्तीय वर्ष 2024-25 से सम्बंधित अन्तर्शासकीय मौद्रिक व्यवस्थापन को लेखे में शामिल करने के उपरांत की गयी है |
भारतीय रिजर्व बैंक में जमा' के अन्तर्गत लेखे में दर्शित ₹ 1.19 करोड़ (जमा) और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सूचित ₹ 0.05 करोड़ (जमा) के आंकड़ों में ₹ 1.24 करोड़ (जमा) का अंतर है | अंतर मिलान के अधीन है |
30.06.2025 को लेखों में सम्मिलित 'रिज़र्व बैंक में जमा' एवं रिज़र्व बैंक द्वारा सूचित आंकड़ों में ₹ 2.01 करोड़ (जमा) का अंतर है |

[2]इन शीर्षों के तहत ये शेष राशि क्रेडिट हैं, इसलिए आंकड़े ऋणात्मक दिखाई देते हैं।

[3]रोकड़ शेष 'भारतीय रिजर्व बैंक में जमा' 31 मार्च को वर्ष का अंतिम रोकड़ शेष है परन्तु जिसका आंकलन 16 अप्रैल को किया गया तथा यह 31 मार्च का साधारण दैनिक रोकड़ शेष नहीं है|

2. प्राप्तियों एवं भुगतानों का विवरण
विवरण संख्या 2 का अनुलग्नक
रोकड़ शेष एवं रोकड़ शेष का निवेश

(करोड़ ₹ में)

(ग) अर्थोपाय अग्रिम :

राज्य सरकार के सामान्य अर्थोपाय अग्रिम की सीमा दिनांक 1 अप्रैल 2024 से ₹ 602.00 करोड़ थी | बैंक ने सरकार की प्रत्याभूतियाँ बंधक करने के आधार पर विशेष अर्थोपाय अग्रिम प्रदान करने के लिए भी सहमति प्रदान की है | बैंक विशेष अर्थोपाय अग्रिमों की सीमा समय- समय पर पुनरीक्षित करता है | वर्ष 2024-25 के दौरान विशेष अर्थोपाय अग्रिम की सीमा ₹ 602 करोड़ से ₹ 839 करोड़ के बीच परिवर्तित होती रही | वर्ष के दौरान राज्य सरकार ने ₹ 25,904.74 करोड़ के अर्थोपाय अग्रिम लिए एवं ₹ 25,072.96 करोड़ वापस किये | 31 मार्च 2025 को ₹1,438.84 करोड़ अर्थोपाय अग्रिम वापसी हेतु शेष रहा |

वर्ष 2024-25 के दौरान सरकार ने जिस सीमा तक रिजर्व बैंक में न्यूनतम रोकड़ शेष बनाये रखा, नीचे दिया गया है:

(i)	दिनों की संख्या जिनमें बिना कोई अग्रिम प्राप्त किये न्यूनतम शेष बनाए रखा गया |	246
(ii)	दिनों की संख्या जिनमें सामान्य अर्थोपाय अग्रिम प्राप्त करने के पश्चात न्यूनतम शेष बनाए रखा गया |	10
(iii)	दिनों की संख्या जिनमें विशेष अर्थोपाय अग्रिम प्राप्त करने के पश्चात न्यूनतम शेष बनाए रखा गया |	98
(iv)	दिनों की संख्या जिनमें उपरोक्त अग्रिमों को प्राप्त करने के पश्चात भी न्यूनतम शेष में कमी रही तथा कोई अधिविकर्ष प्राप्त नहीं किया गया |	शून्य
(v)	दिनों की संख्या जिनमें अधिविकर्ष प्राप्त किया गया |	11

(घ) ब्याज की बैंक दर 01 अप्रैल 2024 से 06 फरवरी 2025 तक 6.75 प्रतिशत प्रति वर्ष थी जिसको 07 फरवरी 2025 से 6.50 प्रतिशत प्रति वर्ष कर दिया गया।

तरलता समायोजन सुविधा के तहत रेपो दर 01 अप्रैल 2024 से 06 फरवरी 2025 तक 6.50 प्रतिशत प्रति वर्ष थी जिसको 07 फरवरी 2025 से 6.25 प्रतिशत प्रति वर्ष कर दिया गया।

वर्ष 2024-25 के दौरान अग्रिमों, अधिविकर्षों तथा कमियों पर ब्याज की दर (प्रतिशत प्रति वर्ष) निम्नवत् थीः

अवधि	विशेष अर्थोपाय अग्रिम	सामान्य अर्थोपाय अग्रिम		कमी	अधिविकर्ष	
		पहले (90 दिनों तक)	(90 दिनों से आगे)		अर्थोपाय अग्रिम की सीमा के 100 प्रतिशत तक	अर्थोपाय अग्रिम की सीमा के 100 प्रतिशत से आगे/अधिक
01 अप्रैल 2024 से 06 फरवरी 2025 तक	6.50	6.50	7.50	शून्य	8.50	11.50
07 फरवरी 2025 से 31 मार्च 2025	6.25	6.25	7.25	शून्य	8.25	11.25

(ड.) कोषागार देयक

दिनांक 1 अप्रैल 2024 से दिनांक 31 मार्च 2025 के दौरान ₹ 12,395.83 करोड़ राशि के कोषागार देयक क्रय किए गए एवं ₹ 12,395.83 करोड़ की राशि के कोषागार देयक विक्रय किये गए जिससे शीर्ष के अंतर्गत ₹ शून्य करोड़ शेष रहा |

(च) सामान्य रोकड़ शेष तथा उद्दिष्ट निधियों से किया गया निवेश -

दिनांक 31 मार्च 2025 तक सामान्य रोकड़ शेष तथा उद्दिष्ट निधियों से किया गया निवेश निम्नवत है-

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	वस्तु	रोकड़ शेष निवेश लेखा	उद्दिष्ट निधि	योग
1	भारत सरकार की प्रतिभूतियाँ	...	2,268.62	2,268.62
2	भारत सरकार के कोषागार देयक	...	...	...

3. प्राप्तियों का विवरण (समेकित निधि)

(करोड़ ₹ में)

	विवरण	2024-25	2023-24
I-	**कर तथा करेत्तर राजस्व**		
क.	**कर राजस्व**		
क. 1	**स्वकर राजस्व**	**20,878.72**	**19,244.97**
	राज्य वस्तु एवं सेवा कर (एसजीएसटी)	9,264.11	8,297.06
	होटल रसीद कर	0.10	(-)0.44
	भू राजस्व	18.76	13.92
	स्टाम्प एवं पंजीकरण प्रभार	2,601.90	2,431.96
	राज्य उत्पाद प्रभार	4,362.05	4,040.59
	बिक्री, व्यापार आदि पर कर	2,606.76	2,519.27
	वाहन कर	1,474.11	1,389.67
	बिजली पर कर एवं शुल्क	365.02	333.95
	अन्य	185.91	218.99
क. 2	**करों का शुद्ध समनुदेशित भाग**	**14,387.36**	**12,627.75**
	केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी)	4,202.01	3,832.37
	निगम कर	4,082.54	3,790.28
	आय पर निगम कर से भिन्न कर	5,206.32	4,377.28
	स्टाम्प एवं पंजीकरण प्रभार	731.98	442.54
	संघ उत्पाद प्रभार	140.90	167.46
	सेवा कर	0.44	2.34
	वस्तुओं और सेवाओं पर अन्य कर और प्रभार	23.17	15.48
	योग- क	**35,266.08**	**31,872.72**
ख.	**करेत्तर राजस्व**		
	ब्याज प्राप्तियाँ	165.71	125.77
	लाभांश और लाभ	21.10	25.20
	अन्य करेत्तर राजस्व		
	लोक सेवा आयोग	14.53	7.73
	पुलिस	37.76	43.58
	जेल	12.43	1.00
	लेखन सामग्री तथा मुद्रण	1.67	3.28
	लोक निर्माण कार्य	68.66	81.02
	अन्य प्रशासनिक सेवाएँ	73.32	119.46
	पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों के संबंध में अंशदान और वसूली	1,189.20[1]	1,662.02[2]
	विविध सामान्य सेवाएँ	35.41	22.74
	शिक्षा, खेलकूद, कला एवं संस्कृति	203.56	246.90
	चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य	333.92	207.17
	परिवार कल्याण	0.73	0.08
	जल आपूर्ति एवं सफाई	3.90	58.45
	आवास	7.29	6.78
	शहरी विकास	0.94	7.27
	सूचना तथा प्रचार	0.17	0.23
	श्रम तथा रोजगार	15.63	12.24

[1]इसमें 2024-25 के दौरान उत्तर प्रदेश से प्राप्त पेंशन आवंटन के ₹ 1,140.97 करोड़ शामिल हैं |

[2]इसमें 2023-24 के दौरान उत्तर प्रदेश से प्राप्त पेंशन आवंटन के ₹ 1,510.45 करोड़ शामिल हैं।

3. प्राप्तियों का विवरण (समेकित निधि)

(करोड़ ₹ में)

	विवरण	2024-25	2023-24
I-	**कर तथा करेत्तर राजस्व -समाप्त**		
ख.	**करेत्तर राजस्व-समाप्त**		
	सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण	12.43	105.60
	अन्य सामाजिक सेवाएँ	19.52	20.75
	फसल कृषिकर्म	14.28	8.05
	पशुपालन	2.30	2.65
	दुग्ध विकास	0.99	1.95
	मछली पालन	0.15	0.02
	वानिकी और वन्य जीव	579.91	551.53
	खाद्य भंडारण और भण्डारगृह	0.13	0.22
	सहकारिता	41.51	64.82
	अन्य कृषि कार्यक्रम	0.02	0.06
	अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम	8.12	10.60
	प्रमुख सिंचाई	0.29	0.27
	मध्यम सिंचाई	19.46	11.81
	लघु सिंचाई	8.74	3.16
	बिजली	136.79	205.64
	अपारंपरिक ऊर्जा स्त्रोत	0.50	...
	ग्राम तथा लघु उद्योग	4.23	32.21
	उद्योग	0.92	0.01
	अलौह खनन और धातुकर्म उद्योग	1,040.59	645.84
	अन्य उद्योग	0.33	0.01
	नगर उड्डयन	30.08	11.60
	सड़क परिवहन	2.98	74.03
	पर्यटन	57.11	16.36
	सिविल आपूर्ति	3.77	9.30
	अन्य सामान्य आर्थिक सेवाएँ	10.46	10.67
	योग-अन्य	**3,994.73**	**4,267.11**
	योग- ख	**4,181.54**	**4,418.08**
II. भारत सरकार से अनुदान			
ग.	**केंद्रीय सरकार से सहायक अनुदान-**		
	केन्द्र प्रायोजित योजनाएँ	**5,399.70**	**5,675.90**
	केंद्रीय सहायता / अंश	4,418.50	4,948.91
	बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाएँ-केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए	1,293.33	734.72
	घटायें- वापसियाँ	(-)312.13	(-)7.73
	वित्त आयोग अनुदान	**6,476.42**	**8,050.20**
	हस्तांतरणोत्तर राजस्व घाटा अनुदान	4,916.00	6,223.00
	ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए अनुदान	368.27	471.81
	शहरी स्थानीय निकायों के लिए अनुदान	107.15	223.98
	राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष के लिए सहायता अनुदान	868.00	826.40
	राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष के लिए सहायता अनुदान	217.00	305.00

3. प्राप्तियों का विवरण (समेकित निधि)

(करोड़ ₹ में)

विवरण		2024-25	2023-24
II. भारत सरकार से अनुदान			
ग.	**केंद्रीय सरकार से सहायक अनुदान-समाप्त**		
	विधानमंडल वाले राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अन्य हस्तांतरण/अनुदान	**149.63**	**598.12**
	प्राकृतिक आपदाओं के कारण राहत के लिए अग्रिम सहायता के रूप में अनुदान	1.18	0.00
	राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) में योगदान के लिए अनुदान	21.30	0.00
	केंद्रीय सड़क और अवसंरचना निधि से अनुदान	55.07	109.70
	विशेष सहायता	16.26	11.80
	जीएसटी के कार्यान्वयन से होने वाली राजस्व हानि के लिए मुआवजा	55.82	476.62
	योग-ग	**12,025.75**	**14,324.22**
	कुल राजस्व प्राप्तियां (क+ख+ग)	**51,473.37**	**50,615.02**
III. पूंजीगत, लोक ऋण एवं अन्य प्राप्तियां			
घ	**पूंजीगत प्राप्तियाँ**		
	विविध पूंजीगत प्राप्तियाँ	0.00	0.00
	योग-घ	**0.00**	**0.00**
ङ	**लोक ऋण प्राप्तियाँ**		
	आतंरिक ऋण	**37,108.97**	**26,781.99**
	बाजार ऋण	10,400.00	6,300.00
	राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक से ऋण	787.29	845.48
	भारतीय स्टेट बैंक एवं अन्य बैंकों से ऋण	16.94	0.00
	राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम से ऋण	0.00	109.80
	भारतीय रिर्जव बैंक से अर्थोपाय अग्रिम	25,904.74	19,526.71
	केंद्र सरकार से ऋण और अग्रिम	**2,599.54**	**2,049.70**
	राज्यों/विधान मंडलों वाले संघ शासित प्रदेशों हेतु ऋण एवं अग्रिम	2,599.54[1]	2,049.70
	योग- ङ	**39,708.51**	**28,831.69**
च.	**राज्य सरकार द्वारा ऋण एवं अग्रिम (वसूलियां)[2]**	**36.69**	**15.82**
छ	**अंतर्राज्यीय समायोजन**		
	योग- समेकित निधि की कुल प्राप्तियाँ(क+ख+ग+घ+ङ+च+छ)	**91,218.57[3]**	**79,462.53**

[1]इसमें ₹ 143.70 करोड़ का ब्लॉक ऋण, ₹ 2,455.84 करोड़ के पूंजीगत व्यय के लिए राज्य को ऋण के रूप में विशेष सहायता की योजना शामिल है।

[2] विस्तृत विवरण खंड-I के विवरण 7 और खंड-II के विवरण 18 में हैं।

[3]पूर्णांकन के कारण पूर्णांकित निरपेक्ष आंकड़े (अर्थात ₹ 91,218.54 करोड़) से ₹ (+)0.03 करोड़ की राशि भिन्न है।

4. व्यय का विवरण (समेकित निधि)

अ. क्रियाकलापवार व्यय

(₹ करोड़ में)

	व्याख्या	राजस्व	पूँजीगत	ऋण एवं अग्रिम	योग
क	**सामान्य सेवाएँ**				
क.1	**राज्य के अंग**	**705.08**	**0.00**	**0.00**	**705.08**
	संसद, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र विधानमंडल	115.02	0.00	0.00	115.02
	राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, राज्यपाल/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासक	14.55	0.00	0.00	14.55
	मंत्री परिषद्	41.50	0.00	0.00	41.50
	न्याय का प्रशासन	357.40	0.00	0.00	357.40
	निर्वाचन	176.61	0.00	0.00	176.61
क.2	**राजकोषीय सेवाएँ**	**466.70**	**50.00**	**0.00**	**516.70**
	भू राजस्व	248.94	0.00	0.00	248.94
	स्टाम्प और पंजीकरण	44.54	0.00	0.00	44.54
	राज्य उत्पाद प्रभार	38.89	0.00	0.00	38.89
	बिक्री, व्यापार आदि पर कर	3.79	0.00	0.00	3.79
	वाहन कर	0.90	0.00	0.00	0.90
	राज्य वस्तु एवं सेवा कर के अंतर्गत संग्रहण प्रभार	126.82	0.00	0.00	126.82
	वस्तुओं और सेवाओं पर अन्य कर और प्रभार	2.82	0.00	0.00	2.82
	अन्य राजकोषीय सेवाएँ	0.00	50.00	0.00	50.00
क.3	**ब्याज भुगतान और ऋण सेवा**	**5,925.00**	**0.00**	**0.00**	**5,925.00**
	ऋण घटाने या उसका परिहार के लिए विनियोजन	350.00	0.00	0.00	350.00
	ब्याज अदायगियां	5,575.00	0.00	0.00	5,575.00
क.4	**प्रशासनिक सेवाएँ**	**4,008.14**	**1,997.61**	**0.00**	**6,005.75**
	लोक सेवा आयोग	65.35	0.00	0.00	65.35
	सचिवालय - सामान्य सेवाएँ	309.78	0.00	0.00	309.78
	जिला प्रशासन	220.63	0.00	0.00	220.63
	कोषागार तथा लेखा प्रशासन	125.18	0.00	0.00	125.18
	पुलिस	2,444.88	109.90	0.00	2,554.78
	जेल	92.51	0.00	0.00	92.51
	लेखन सामग्री तथा मुद्रण	10.21	0.00	0.00	10.21
	लोक निर्माण कार्य	508.60	1,887.71	0.00	2,396.31
	सतर्कता	20.86	0.00	0.00	20.86
	अन्य प्रशासनिक सेवाएँ	210.14	0.00	0.00	210.14

4. व्यय का विवरण (समेकित निधि)

अ. क्रियाकलापवार व्यय

(₹ करोड़ में)

	व्याख्या	राजस्व	पूँजीगत	ऋण एवं अग्रिम	योग
क	**सामान्य सेवाएँ**				
क.5	**पेंशन तथा अन्य सेवानिवृत्ति हित लाभ**	**8,476.75**	**0.00**	**0.00**	**8,476.75**
	पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति हितलाभ	8,478.75	0.00	0.00	8,478.75
	विविध सामान्य सेवाएँ	(-)2.00	0.00	0.00	(-)2.00
	योग क -सामान्य सेवाएँ	**19,581.67**	**2,047.61**	**0.00**	**21,629.28**
ख	**सामाजिक सेवाएँ**				
ख.1	**शिक्षा, खेल, कला एवं संस्कृति**	**10,751.75**	**618.54**	**0.00**	**11,370.29**
	सामान्य शिक्षा	10,017.11	407.38	0.00	10,424.49
	तकनीकी शिक्षा	240.50	85.55	0.00	326.05
	खेलकूद और युवा सेवाएँ	462.28	119.19	0.00	581.47
	कला तथा संस्कृति	31.86	6.42	0.00	38.28
ख.2	**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण**	**3,868.14**	**160.66**	**0.00**	**4,028.80**
	चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य	3,735.00	160.66	0.00	3,895.66
	परिवार कल्याण	133.14	0.00	0.00	133.14
ख.3	**जलापूर्ति, सफाई, आवास एवं शहरी विकास**	**1,076.81**	**1,606.16**	**35.81**	**2,718.78**
	जल आपूर्ति एवं स्वच्छता	643.38	491.51	0.00	1,134.89
	आवास	11.10	342.77	35.81	389.68
	शहरी विकास	422.33	771.88	0.00	1,194.21
ख.4	**सूचना एवं प्रसारण**	**565.59**	**0.00**	**0.00**	**565.59**
	सूचना एवं प्रचार	565.59	0.00	0.00	565.59
ख.5	**अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों का कल्याण**	**222.23**	**160.47**	**0.00**	**382.70**
	अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्गों तथा अल्पसंख्यकों का कल्याण	222.23	160.47	0.00	382.70
ख.6	**श्रम एवं श्रम कल्याण**	**166.87**	**0.00**	**0.00**	**166.87**
	श्रम, रोजगार एवं कौशल विकास	166.87	0.00	0.00	166.87
ख.7	**समाज कल्याण एवं पोषण**	**4,042.61**	**73.90**	**0.00**	**4,116.51**
	सामाजिक सुरक्षा और कल्याण	2,567.90	73.90	0.00	2,641.80
	प्राकृतिक आपदाओं के कारण राहत	1,474.71	0.00	0.00	1,474.71

4. व्यय का विवरण (समेकित निधि)

अ. क्रियाकलापवार व्यय

(₹ करोड़ में)

	व्याख्या	राजस्व	पूँजीगत	ऋण एवं अग्रिम	योग
ख	**सामाजिक सेवाएँ**				
ख.8	**अन्य**	**0.20**	**307.50**	**0.00**	**307.70**
	अन्य सामाजिक सेवाएँ	0.00	307.50	0.00	307.50
	सचिवालय - सामाजिक सेवाएँ	0.20	0.00	0.00	0.20
	योग ख -सामाजिक सेवाएँ	**20,694.20**	**2,927.23**	**35.81**	**23,657.24**
ग	**आर्थिक सेवाएँ**				
ग.1	**कृषि और संबंधित गतिविधियां**	**2,199.98**	**949.54**	**244.15**	**3,393.67**
	फसल कृषिकर्म	800.50	121.50	131.85	1,053.85
	पशुपालन	391.43	48.20	0.00	439.63
	डेयरी विकास	124.55	33.25	10.00	167.80
	मत्स्य पालन	54.24	30.91	0.00	85.15
	वानिकी और वन्य जीवन	328.15	115.32	0.00	443.47
	खाद्य, भंडारण तथा भंडारागारण	180.64	600.54	0.00	781.18
	कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा	155.98	0.00	0.00	155.98
	सहकारिता	164.49	(-)0.18	102.30	266.61
ग.2	**ग्रामीण विकास**	**2,153.56**	**1,526.75**	**0.00**	**3,680.31**
	ग्राम विकास के लिए विशेष कार्यक्रम	122.39	0.00	0.00	122.39
	ग्रामीण रोजगार	252.47	0.00	0.00	252.47
	भूमि सुधार	13.33	0.00	0.00	13.33
	अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम	1,765.37	1,526.75	0.00	3,292.12
ग.3	**सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण**	**603.59**	**1,117.16**	**0.00**	**1,720.75**
	मुख्य सिंचाई	311.90	813.29	0.00	1,125.19
	मध्यम सिंचाई	212.98	6.26	0.00	219.24
	लघु सिंचाई	45.50	180.58	0.00	226.08
	बाढ़ नियंत्रण तथा जल निकास	33.21	117.03	0.00	150.24
ग.4	**ऊर्जा**	**29.12**	**785.05**	**408.46**	**1,222.63**
	शक्ति	0.28	684.28	408.46	1,093.02
	नई एवं नवीकरणीय ऊर्जा	28.84	100.77	0.00	129.61
ग.5	**उद्योग एवं खनिज**	**267.46**	**38.67**	**0.00**	**306.13**
	ग्रामीण एवं लघु उद्योग	223.96	15.67	0.00	239.63
	अलौह खनन और धातुकर्म उद्योग	43.50	0.00	0.00	43.50
	दूरसंचार और इलेक्ट्रॉनिक उद्योग के लिए ऋण	0.00	23.00	0.00	23.00

4. व्यय का विवरण (समेकित निधि)

अ. क्रियाकलापवार व्यय

(₹ करोड़ में)

	व्याख्या	राजस्व	पूँजीगत	ऋण एवं अग्रिम	योग
ग	**आर्थिक सेवाएँ**				
ग.6	**परिवहन**	**1,337.65**	**1,497.84**	**1.61**	**2,837.10**
	सिविल उड्डयन	65.84	30.36	0.00	96.20
	सड़कें तथा सेतु	1,090.64	1,348.08	0.00	2,438.72
	सड़क परिवहन	181.17	119.40	1.61	302.18
ग.7	**विज्ञान, तकनीकी एवं पर्यावरण**	**70.16**	**0.00**	**0.00**	**70.16**
	अन्य वैज्ञानिक अनुसंधान	67.63	0.00	0.00	67.63
	पारिस्थितिकी और पर्यावरण	2.53	0.00	0.00	2.53
ग.8	**सामान्य आर्थिक सेवाएँ**	**370.58**	**215.66**	**0.00**	**586.24**
	सचिवालय-आर्थिक सेवाएँ	115.26	0.00	0.00	115.26
	पर्यटन	189.34	215.66	0.00	405.00
	जनगणना सर्वेक्षण और सांख्यिकी	27.18	0.00	0.00	27.18
	सिविल आपूर्ति	31.19	0.00	0.00	31.19
	अन्य सामान्य आर्थिक सेवाएँ	7.61	0.00	0.00	7.61
	योग ग -आर्थिक सेवाएँ	7,032.10	6,130.67	654.22	13,816.99
घ	**सहायता अनुदान तथा अंशदान**	**2,707.64**	**0.00**	**0.00**	**2,707.64**
	स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थानों को क्षतिपूर्ति तथा समनुदेशन	2,707.64	0.00	0.00	2,707.64
ड	**सरकारी कर्मचारियों आदि को ऋण**	**0.00**	**0.00**	**0.98**	**0.98**
	सरकारी कर्मचारियों आदि को ऋण	0.00	0.00	0.98	0.98
च	**लोक ऋण**	**0.00**	**0.00**	**28,994.14**	**28,994.14**
	राज्य सरकार का आंतरिक ऋण	0.00	0.00	28,931.98	28,931.98
	केंद्र सरकार से ऋण और अग्रिम	0.00	0.00	62.16	62.16
	कुल-समेकित निधि व्यय	**50,015.61**[1]	**11,105.51**[2]	**29,685.15**[3]	**90,806.27**[4]

[1]राजस्व हेतु कुल समेकित निधि व्यय, पूर्णांकन के कारण पूर्णांकित वास्तविक आंकड़े (यथा ₹ 50,015.58 करोड़) से ₹ (+) 0.03 करोड़ भिन्न है।

[2]पूँजी हेतु कुल समेकित निधि व्यय, पूर्णांकन के कारण पूर्णांकित वास्तविक आंकड़े (यथा ₹ 11,105.50 करोड़) से ₹ (+) 0.01 करोड़ भिन्न है।

[3]ऋण एवं अग्रिम हेतु कुल समेकित निधि व्यय, पूर्णांकन के कारण पूर्णांकित वास्तविक आंकड़े (यथा ₹ 29,685.14 करोड़) से ₹ (+) 0.01 करोड़ भिन्न है|

[4]कुल समेकित निधि व्यय, पूर्णांकन के कारण पूर्णांकित वास्तविक आंकड़े (यथा ₹ 90,806.22 करोड़) से ₹ (+) 0.05 करोड़ भिन्न है।

[3] सम्मिलित है-

(i) ऋण एवं अग्रिम ₹ 691.01 करोड़ |

(ii) राज्य सरकार का आन्तरिक ऋण ₹ 28,931.98 करोड़ |

(iii) केन्द्रीय सरकार से ऋण तथा अग्रिम ₹ 62.16 करोड़ |

